**COURT OF DISTRICT & ADDITIONAL SESSIONS JUDGE-II, JAMUI**
**Civil Misc. Appeal case no.-10/2022**

12.08.2026 आवेदक का वकालतन हाजरी है। वाद पुकारा गया।

अपीलार्थी/आवेदक संख्या 9 के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा समझौता आवेदन एवं वाद वापसी आवेदन दिनांक 06.08.2026 का संचालन किया गया। उनका कथन है कि उभय पक्षों के बीच सुलह समझौता हो गया है। इस आशय का समझौता आवेदन अभिलेख पर है तथा सुलह समझौता आवेदन निम्न न्यायालय में भी दाखिल किया जायगा। निम्न न्यायालय का अभिलेख इस वाद के साथ संलग्न है। सुलह समझौता हो जाने के कारण उक्त अपीलार्थी की ओर से वाद वापसी का आवेदन दाखिल किया गया है। साथ ही उचित आदेश पारित करने का अनुरोध किया गया। विपक्षी के विद्वान अधिवक्ता को इस बात पर कोई आपत्ति नहीं है।

उभय पक्षों को पर सुना। अभिलेख अवलोकन किया।

अवलोकन से स्पष्ट है कि अपीलार्थी/आवेदक संख्या 9 की ओर से समझौता आवेदन सह वाद वापसी का आवेदन अभिलेख पर है। उक्त आवेदन के आलोक में यह Civil Misc. Appeal case no.-10/2022 वाद वापसी के आधार पर **खारिज** किया जाता है।

कार्यालय अभिलेख को अभिलेखागार में जमा करे तथा निम्न न्यायालय के अभिलेख को संबंधित न्यायालय में भेजे।

लेखापित
Sd/-
DASJ II

ज्ञापांक.............. दिनांक ........................

आदेश की प्रति निम्न न्यायालय के अभिलेख के साथ संबंधित न्यायालय में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करे।

लेखापित

DASJ II

eGazette